

# आओ खेलें गणित

## निपुण भारत के अन्तर्गत कक्षा

## 4-5 के लिये FLN कार्यक्रम

## 2022-23




**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**

**इस पुस्तिका में तरह-तरह के खेल हैं। कुछ अंकों के, कुछ संख्याओं के, कुछ संक्रियाओं के सभी खेल मज़ेदार हैं। इन्हें बच्चों के साथ कहीं भी खेल सकते हैं... मैदान में, बरामदे पर, कक्षा के अन्दर, छत पर, गली या गाँव में... धूप या छाँव में... आओ खेलें.**



# मार छलाँग !

दिए गए चित्र के आधार पर ज़मीन पर एक चित्र बनाइए। आकार के खाली स्थानों में उन अंकों को लिखिए जिन्हें आप बच्चों को सिखाना चाहते हैं। बच्चों को बारी-बारी से बुलाएँ। लिखे हुए अंकों में से आप एक अंक बोलें। हर बच्चे को पहले उसी अंक पर कूदना है, ठीक मेंढ़क की तरह। फिर दूसरा अंक बोलें। अब बच्चे को पहले अंक के स्थान से बोले गए दूसरे अंक पर कूदना है।





B-W-4-D-5, W-5-D-3, W-13-D-2, W-15-D-2

**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**

# नागू नाग

नागू नाग भूखा है। लेकिन वह तो सिर्फ अंक खाता है। तो फिर, क्या करें? पहले तो नागू नाग को ज़मीन या ब्लैकबोर्ड पर बना लें। अब बच्चों को नागू के पेट में अंक भरने हैं। कोई अंक पुकारें और बारी-बारी नागू के पेट में सही स्थान पर अंक भरें। यह खेल ज़मीन, ब्लैकबोर्ड या कॉपी में किया जा सकता है।




B-W-6-D-3, W-16-D-2

# हाथी

आज हम हाथी को गिनती सिखाएँगे।
बोल हाथी एक, तुझे मिलेगा केक।
थोड़ा तुम खाओगे, थोड़ा हम खाएँगे।
आज हम हाथी को...........सिखाएँगे।
बोल हाथी दो, हाथी गया सो,
थोड़ा तुम सोओगे, थोड़ा हम भी सोएँगे।
आज हम हाथी को...........सिखाएँगे।
बोल हाथी तीन, तुझे मिलेगा बीन,
थोड़ा तुम बजाओगे, थोड़ा हम बजाएँगे।
आज हम हाथी को...........सिखाएँगे।
बोल हाथी चार, तुम्हें मिलेगा कार।
थोड़ा तुम चलाओगे, थोड़ा हम चलाएँगे।
आज हम हाथी...........सिखाएँगे।
बोल हाथी पाँच, तु कर ले नाच
थोड़ा तुम नाचोगे। थोड़ा हम नाचेंगें।
आज हम हाथी...........सिखाएँगे।


**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**

# गुड़िया

एक गुड़िया का घर हम बनाएँगे,
उसे गिनती पहाड़ा सिखाएँगे।
बोल गुड़िया 1 तुझे मिलेगा केक,
थोड़ा तुम खाओगी, थोड़ा हम खाएँगे।
एक गुड़िया का घर हम बनाएँगे,
उसे गिनती पहाड़ा सिखाएँगे।
बोल गुड़िया 2 मस्त होकर सो,
थोड़ा तुम सोओगी, थोड़ा हम सोएँगे।
एक गुड़िया का घर हम बनाएँगे,
उसे गिनती पहाड़ा सिखाएँगे।
बोल गुड़िया 3 तुझे मिलेगी बीन,
थोड़ा तुम बजाओगी, थोड़ा हम बजाएँगे।
एक गुड़िया का घर हम बनाएँगे,
उसे गिनती पहाड़ा सिखाएँगे।
बोल गुड़िया 4 तुझे मिलेगी कार,
थोड़ा तुम चलाओगी, थोड़ा तुम चलाएँगे।
एक गुड़िया का घर हम बनाएँगे,
उसे गिनती पहाड़ा सिखाएँगे।
बोल गुड़िया 5 मस्त होकर नाच,
थोड़ा तुम नाचोगी, थोड़ा हम नाचेंगें।
एक गुड़िया का घर हम बनाएँगे,
उसे गिनती पहाड़ा सिखाएँगे।

# रंग-बिरंगे लंबे-चौड़े

सब बच्चे एक घेरा बना लें। उनके बीचों-बीच खड़ा व्यक्ति बोले, ''जिन बच्चों के पास लाल रंग की कोई भी चीज़ हो (कपड़ा, रिबन, रूमाल, चप्पल) वे घेरे के बीच में आ जाएँ।'' अब इन बच्चों की गिनती करके बोर्ड पर लिखें। इसी तरह कह सकते हैं : लंबे बालों वाले सभी बच्चे यहाँ बीच में आ जाएँ। उनकी भी गिनती करें। बस इसी प्रकार आप जो चाहें बोलकर इस खेल को आगे बढ़ाएँ।



B-W-7-D-4

**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**

# उल्टा - सुल्टा

दस बच्चे एक कतार में खड़े हो जाएँ। जब ताली बजेगी तब बच्चे अपने हाथ आगे बढ़ा दें। कुछ की हथेलियाँ ऊपर की ओर और कुछ नीचे की तरफ हो सकती हैं। अब गिनना होगा कि कितनी हथेलियाँ ऊपर और कितनी नीचे हैं। गिनकर ब्लैकबोर्ड या कॉपी पर लिखें। हर बार यह खेल खेलेंगे तो हर बार हिसाब अलग आयेगा।




B-W-9-D-1

## उल्टी गिनती

सब बच्चे घेरे में बैठें। बारी-बारी ऊँचे स्वर में उल्टी गिनती बोलें। बीस से शुरू करें। पहला बोले बीस, दूसरा बोले उन्नीस, तीसरा अठारह... इस तरह से बोलते चलें... इसके दो और रूप देखो। पहला बच्चा बोले पचास, दूसरा उनचास .. जब तक एक तक नहीं पहुँच जाते। अब पहला बच्चा शुरू करे 100 बोलकर फिर 90, 80, 70, 60.... ।



B-W-11-D-3, A-W-14-D-3

नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day

## डबल-डबल


सब बच्चे एक घेरे में बैठ जाएँ। बारी-बारी से गिनती बोलना शुरू करें। पहला बच्चा बोले 2, अगला बोले 4, फिर 8, 16, 32... इत्यादि। इसी तरह 3, 6, 12, 24... या 5,10,20,40... इत्यादि। किसी भी संख्या से यह खेल शुरु कर सकते हैं। देखें समूह के कितने बच्चे कहाँ तक कर पाते हैं। खेल कुछ मुश्किल है—लेकिन इसे चलाते रहें। इस खेल को लिखकर भी खेल सकते हैं।




B-W-20-D-5

# सेंचुरी बनाओ

**बच्चे गोले में बैठेंगे। बीच में हम 100 लिखेंगे। हर बच्चे को कोई संख्या देंगे– 50, 40 ...। बच्चे को दिए हुए अंक के साथ कोई नया अंक जोड़ना होगा जिससे दोनों संख्याएँ मिलाने से पूरे 100 हो जाएँ।**




B-W-17-D-3, W-20-D-3, W-21-D-2
A-W-5-D-3

**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**

# दस कबूतर खेत में

**दस कबूतर खेत में बो रहे थे जौ, एक लगा हल चलाने बाकी बचे–नौ**
**नौ कबूतर शादी में पढ़ रहे थे पाठ, एक लगा ढोलक बजाने बाकी बचे–आठ**
**आठ कबूतर साथ में कर रहे थे बात, एक को नींद आई बाकी बचे–सात**
**सात कबूतर परियों की कथा रहे थे कह, एक गया पानी पीने बाकी बचे–छह**
**छह कबूतर शादी में खूब रहे थे नाच, एक गया घुंघरू लाने बाकी बचे–पाँच**
**पाँच कबूतर बैठ कर खा रहे थे अचार, एक गया पानी लाने बाकी बचे–चार**
**चार कबूतर बैठ कर बजा रहे थे बीन, एक गया पिटारा लेने बाकी बचे–तीन**
**तीन कबूतर झील में मुँह रहे थे धो, एक गया साबुन लेने बाकी बचे–दो**
**दो कबूतर धूप में पंख रहे थे सेंक, एक गया तेल लाने बाकी बचा–एक**
**एक कबूतर बाग में बन रहा था हीरो, फिर वो भी उड़ गया बाकी बचा–जीरो।**

B-W-13-D-5

# गर्म या ठंडा

एक बच्चे को बाहर भेज दीजिए। दूसरा बच्चा आपके साथ मिलकर कोई भी एक अंक तय कर लेता है। जैसे 25 । पहला बच्चा वापस आता है। उसे बताएँ हमने ''10 से 30'' के बीच में अंक सोचा है। बताएँ तो वह क्या है?...। पहला बच्चा बताता है 15, तो दूसरा बच्चा कहेगा ''ठण्डा''। यदि पहला बच्चा बताता है 20 तो दूसरा बच्चा कहेगा ''थोड़ा गर्म''। यदि पहला बच्चा बताता है 23 तो दूसरा बच्चा कहेगा ''बहुत गर्म''। यदि पहला बच्चा बताता है 25 तो दूसरा बच्चा कहेगा ''वाह भई वाह''। है न गर्मागर्म खेल!




B-W-13-D-5
A-W-10-D-1

**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**

# आज का दोस्त (घटाव)

शिक्षक बच्चों से 10 से 18 तक की संख्याओं के घटाव की गतिविधि करायें जिसमें कोई संख्या लेकर बच्चों को उनमें 1 से 9 तक की संख्या निम्नलिखित ढंग से घटाने को कहें।

नोट : 10 से 18 तक की संख्याओं के जोड़ वाला 'आज का दोस्त' गतिविधि की सहायता से ही बच्चे घटाव की गतिविधि भी असानी से कर लेंगे, क्योंकि 8 + 4 = 12

इसलिए 12 - 8 = 4


12 - 4 = 8

यहाँ बच्चों को यह बताने की ज़रूरत है कि 10 से 18 तक की जिस संख्या से घटाव की गतिविधि की जा रही है उसकी इकाई अंक से एक ज़्यादा वाली संख्या लेकर 9 तक की संख्या उस संख्या में से घटाना है।

B-W-21-D-3

# तोड़ो और जोड़ो

अंकों को मज़ेदार चित्रों में भरकर आप बच्चों से उनका विस्तार करने के लिए कह सकते हैं। लेकिन पहले बच्चे समझ लें कि अंकों को चित्रों में भरना कैसे है। यह क्रिया बच्चे ब्लैकबोर्ड या कॉपी में कर सकते हैं।




B-W-14-D-3
A-W-12-D-3, W-19-D-3

**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**


# कौन बड़ा कौन छोटा ?

बच्चों को समूह में बाँट दें। हर एक समूह को चार अंक कार्ड दें। अब देखते हैं बड़े-छोटे का कमाल।

पहला खेल : जल्दी से अंक कार्ड को छोटे से बड़े क्रम में सजा लें देखते हैं कौन-सा समूह इस काम को सबसे पहले कर लेता है?

दूसरा खेल : इन अंक कार्डों में से दो अंक वाली सबसे बड़ी कौन-सी संख्या बन सकती है?

फिर सोचतें हैं, दो अंक वाली सबसे छोटी संख्या कौन-सी बन सकती  है?




B-W-19-D-4
A-W-15-D-2

# उठक बैठक

बच्चे एक कतार में खड़े हो जाएँ। एक कोई ताली बजाए। बच्चे उठक-बैठक करना शुरू करें। जैसे ही ताली रुक जाती है। बच्चे जैसे हैं वैसे ही रह जाएँ। जो उठ गया है वह उठा रहे। जो बैठा है वह बैठा रहे। अब हम गिनते हैं कितने बच्चे उठे हैं और कितने बच्चे बैठे हैं। बार-बार खेलने से देखेंगे कि हर बार हिसाब अलग होता है...




B-W-12-D-2, W-15-D-4

**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**

# मामाजी का घर


मैं यहाँ हूँ और वहाँ मामाजी का घर है। मुझे मामाजी के घर जाना है। लेकिन वहाँ पहुँचने के लिए यहाँ लिखी सब संख्याओं को छूते हुए जाना है। शर्त यह है कि अगर मैं इन अंकों को रेखाओं से जोडूँ तो रेखाएँ एक दूसरे को न छुएँ और न ही काटें। क्या मामाजी के घर पहुँचने में आप मेरी मदद करेंगे। आप चाहें तो ये दो घर और अंक ज़मीन या ब्लैकबोर्ड पर बना सकते हैं। और अब शुरू हो जाएँ। इस खेल को आप बड़े अंकों के साथ भी खेल सकते हैं।




B-W-10-D-4, W-15-D-4, W-24-D-3
A-W-15-D-4

# रोते-रोते हँसते-हँसते

**दिए गए उदाहरण के आधार पर ब्लैकबोर्ड पर प्रश्न लिखें। उदाहरण: 5 ☐ 2 = 7 खाली स्थान पर एक बच्चा चिन्ह भरेगा। जैसे: 5 + 2 = 7 बाकी बच्चे कुछ नहीं बोलेंगे पर उनका चेहरा हमें कुछ बताएगा। सही जवाब पर बच्चे मुस्कुराएँगे। और ग़लत जवाब पर रोनी सूरत बनाएँगे। हमें चेहरे देखकर समझना है कि जवाब सही है या ग़लत। खेल में उन्हीं चिन्हों (+, –, <, >, =) का इस्तेमाल कीजिए जिन्हें बच्चे जानते हों।**




B-W-15-D-3
A-W-3-D-4

**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**

# ताली चुटकी

**सुनो और बूझो। एक ताली यानी 10, तो दो ताली हुई 20 और तीन ताली हुई 30। इसी तरह एक चुटकी यानी 1, दो चुटकी यानी 2। अब मैं ताली और चुटकी बजाऊँगी। आपको ध्यान से सुनना है और कुल संख्या बतानी है। तो शुरू करें।**



B-W-9-D-2, W-16-D-4


# संख्या चक्र

**इस खेल में हम स्थानीय मान की समझ विकसित करने पर ध्यान देते हैं। इसमें जितने अंक तक के स्थानीय मान की समझ करानी है, उतने गोले बढ़ते क्रम में बनाते हैं। कंकड़ या बीज लेकर गोलों में फेंकते हैं। प्रत्येक गोले के अंदर आए कंकड़ या बीज को उठाकर उनके स्थानीय मान के अनुसार गिनते हैं और फ्रेम में लिखते हैं।**

4312 = (1000 X 4) + (100 X 3)

= (10 X 1) + (1 X 2)

= 4000 + 300 + 10 + 2





B-W-24-D-1
A-W-6-D-5

**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**

# तीसरा कौन? –

**एक त्रिकोण बनाएँ। सोचकर दो संख्याएँ लिखें। सबसे बड़ी संख्या ऊपर के कोने में लिखें। अब पूछें तीसरा कौन...?**




B-W-17-D-1
A-W-7-D-5, W-10-D-4, W-20-D-3

# मैं एक, मेरा रूप अनेक

इस खेल में बच्चों को कोई एक संख्या दें और उन्हें कहें कि इसे कितने अलग-अलग तरीके से लाया जा सकता है? इन तरीकों को अपनी-अपनी कॉपी में लिखने को कहें। जो बच्चा 5 मिनट में सबसे अधिक सही तरीका निकालेगा वही इस खेल का विजेता बनेगा।

जैसे:-

18 = 9 + 9

18 = 6 + 6 + 6

18 = 20 - 2

18 = 36 - 18

18 = 9 X 2

18 = 2 X 5 + 8 इत्यादि प्रत्येक दिन अलग-अलग संख्या के साथ यह खेल बच्चों के साथ करें।

B-W-24-D-3
A-W-13-D-3

**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**

# दोगुना करो/आधा करो

इसमें बच्चों को कहना है कि मै संख्या बोलूँ दोगुना करो (डबल करो) जैसे- 1,2,4,8,16,32,64 कुछ दिन बाद आधा करो।

जैसे - 64, 32, 16, 8, 4, 2, 1

नोट : शुरूआती दिनों में बच्चों से तीलियाँ या ठोस वस्तुओं की मदद से आधा व दोगुना करवायें ताकि बच्चों की समझ मज़बूत बने। बाद में बच्चों को संख्याओं की तरफ ले जायें और मौखिक रूप से करवायें।


उद्देश्य :- संख्या पहचान व मनोरंजन

सामग्री :- ब्लैक बोर्ड, चाक

B-W-18-D-3
A-W-2-D-3, W-22-D-3

# आज का दोस्त (जोड़)

इस गतिविधि के अंतर्गत शिक्षक प्रतिदिन बच्चों को 10 से 18 तक अलग - अलग गोले के अंदर लिखकर दें और उससे जोड़ की क्रिया निम्नलिखित तरीके से कराएँ तथा बताएँ कि 1 से 9 तक की ऐसी दो संख्याएँ लें जिन्हें आपस में जोड़ने से गोले के अंदर वाली संख्या आ जाए।





B-W-13-D-3, W-21-D-3
A-W-6-D-1, W-11-D-3, W-17-D-3

**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**

# बोल भाई कितने

सभी बच्चे एक घेरे में खड़े हो जाएँ। घेरे के बीच कोई भी बच्चा खड़े होकर पूछे, 'बोल भाई कितने'? बाकी बच्चे गोले में चलते हुए जवाब दें, 'आप चाहे जितने'। अगर बीच में खड़ा व्यक्ति कहे 'चार' तो सभी बच्चे झटपट चार-चार के समूह बना लें। जो बच्चे ऐसा नहीं कर पाते, वे खेल से बाहर हो जाएँगे। समूह की संख्या बदलती रहेगी और खेल चलता रहेगा।



B-W-10-D-4, W-19-D-3

# झटपट आकृति बनाओ

**इस गतिविधि में शिक्षक बच्चों को दो समूह में बाँटकर 1,2,3 की गिनती कर जल्दी से भिन्न - भिन्न आकृति जैसे - त्रिभुज, वृत्त, चतुर्भुज, समकोण, त्रिभुज, समद्विबाहु त्रिभुज आदि में खड़े होने को कहें। जो समूह पहले आकृति बनाएगा वही विजेता होगा।**

B-W-24-D-3
A-W-9-D-3

**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**

# ठीक पहले, ठीक बाद में

**शिक्षक बच्चों को दो समूहों में बाँटे। एक समूह 'ठीक पहले' वाला होगा। दूसरा समूह ठीक बाद वाला होगा फिर शिक्षक एक संख्या बोले या श्यामपट्ट पर लिखे। दोनो समूह को उस संख्या से ठीक पहले वाली संख्या तथा ठीक बाद वाली संख्या बतानी होगी। प्रत्येक सही उत्तर पर समूह को दो-दो नम्बर दिए जायेंगे। अन्त में सभी नम्बर को जोड़कर देखेंगे कि कौन सा समूह जीता है?**

B-W-14-D-3

# गुणा की वर्ग पहेली

**एक बड़ा वर्ग बनाएँ और उसके अन्दर के छोटे-छोटे वर्ग में 0 से 9 तक की संख्याओं को लिखें। इसके बाद पंक्ति में लिखी गई संख्या और स्तम्भ में लिखी गई संख्या के सीध में देखने पर जिस वर्ग में दोनों का मिलान होता हुआ मालूम पड़ेगा, उस वर्ग में शुरू के छोटे वर्ग से लेकर इस वर्ग तक को गिनकर वर्गों की कुल संख्या लिखेंगे जो कि पंक्ति में लिखी गई संख्या और स्तम्भ में लिखी गई संख्या का गुणनफल होगा।**

**जैसे - 3 X 4 = 12**

**5 X 7 = 35**

| x | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | ' | | | |
| 2 | | | | ' | | | |
| 3 | - | - | - | 12 | | | |
| 4 | | | | | | | |
| 5 | - | - | - | - | - | - | 35 |
| 6 | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | |

A-W-9-D-3, W-21-D-3

**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**

# आओ बाज़ार लगाएँ


**इस गतिविधि को हम चि़त्र मूल्य कार्ड और नकली नोटों के माध्यम से कराएंगे। सभी तरह के चित्र मूल्य कार्डों को दुकान की तरह सजाकर एक बच्चे को दुकानदार बना देंगे, जो थोड़ा समझदार और होशियार भी हो। एक बच्चे को हम नोट देकर बैंक वाला बना देंगे। अब सभी बच्चों द्वारा बारी-बारी से खरीददारी कराएंगे। बच्चों को दुकानदार चित्र पसंद करने को कहेगा और उसके नीचे लिखे गए मूल्य के बराबर पैसा बैंक से गिनकर लाने को कहेगा। अगर कोई बच्चा पैसा नहीं गिन पाता है तो शिक्षक उसकी सहायता करेगा। बच्चा सही पैसा गिनकर देता है तो दुकानदार उसे वह चित्र फाड़कर देगा। सभी बच्चों को मौका जरूर दें। इस प्रकार बच्चों से यह खेल करवायेंगे।**

**सामग्री- ट्रेडिंग काड़ एवं नोट।**

A-W-10-D-3

# अंको से संख्या बनाओ

**बच्चों को दो, तीन समूह में बाँट दीजिए। अब हर समूह को कुछ अंक कार्ड दे दें और उन्हें बोलें कि वे अंकों को मिलाकर संख्याएँ बनाएँ और उन्हें कॉपी में लिखें फिर सब बच्चे आपस में मिलकर देख सकते हैं कि किसने, ज्यादा संख्याएँ बनाई। किसके पास सबसे बड़ी संख्या है या सबसे छोटी**



A-W-12-D-3, W-14-D-3

**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**

# झटपट जोड़

**शिक्षक कक्षा के बच्चों को दो समूह में बाँटे। हर बच्चे को एक संख्या कार्ड दें। या कोई संख्या श्यामपट्ट पर लिखे। प्रत्येक बच्चा बारी-बारी से अपनी संख्या का प्रसारित रुप या संक्षिप्त रुप बताएँ और लिखें।**

जोड़ —— $800 + 20 + 2 = 822$
$600 + 10 + 5 = 615$

A-W-13-D-3, W-16-D-3

# सोचो तुम, बताऊँ मैं

बच्चे को कोई भी संख्या सोचने को कहें और फिर शिक्षक कोई संख्या बोलें व सोची गई संख्या में मिलाने को कहें। अब बच्चों से पूछें कि इनका योग कितना हुआ, बच्चा जो भी संख्या बताये उसमें शिक्षक द्वारा बोली गई संख्या को घटाकर शेष संख्या बच्चे को बतायें कि आपने यह संख्या सोची थी। जैसे बच्चे ने सोचा 50, शिक्षक ने बोला 30 और जोड़ लो, अब बच्चे से योग पूछेंगे, बच्चा बतायेगा 80 तो शिक्षक 80 में से 30 घटा देगा और बताएगा कि आपने 50 सोचा था। ऐसी गतिविधि करने से बच्चों को मजा आयेगा। इस प्रकार ही घटाव से सम्बन्धित गतिविधि भी कराएँ। जैसे बच्चों ने सोचा 40 अब शिक्षक बच्चों से कहेगा कि 20 उसमें से घटा दो अब बच्चे से पूछें कितना बचा? बच्चा बतायेगा 20 तो शिक्षक उसमें अपने द्वारा बतायी गई संख्या को जोड़ कर बतायेगा कि आपने सोचा 40 था। बच्चों को कहें कि आपके द्वारा सोची गई संख्या गुप्त रहनी चाहिए। बच्चों को जब तरीका समझ में आ जाये तो फिर थोड़ा कठिन सवाल देगें जो जोड़, घटाव, गुणा, भाग पर आधारित हो सकता है।

A-W-16-D-4, W-22-D-4

**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**

# लुका - छिपी

इस खेल में बच्चों से कहें - मैं कोई संख्या बोलूँगा उसे आप फर्श पर हाथ से छिपाकर लिखेंगे। और लिखने के बाद हाथ से उस संख्या को ढक लेंगे। जब मैं ताली बजाऊँगा तब आप लोग दोनों हाथ ऊपर कर लेंगे। फिर शिक्षक देखें कि कितने बच्चों ने सही लिखा है? गलत लिखने वाले बच्चे दूसरे बच्चों की संख्या को देखकर सही कर सकते हैं। अगर बच्चे फिर भी नहीं लिख पाते हैं तो उनसे संख्या चार्ट पर अंगुली रखकर गिनती करवाएँ और फिर उसे देखकर ब्लैक बोर्ड या फर्श पर लिखने को कहें।

A-W-19-D-1

# कैलेन्डर से दोस्ती

**एक अच्छा सा रंग-बिरंगा कैलेंडर लगा लें। कुछ सवाल आप बच्चों से पूछ सकते हैं या फिर बच्चे एक दूसरे से भी कर सकते हैं :-**

**(1) इस महीने में शनिवार कौन-कौन सी तारीख़ को आएगा?**

**(2) आज कौन-सी तारीख़ है? आज कौन-सा वार है?**

**(3) कक्षा में किसका जन्मदिन कौन-कौन सी तारीख़ को है? (चाहें तो बच्चे उन तारीख़ों पर जिसका जन्मदिन है उसका नाम भी लिख सकते हैं)**


**(4) अगले रविवार को कितने दिन बाक़ी हैं?**

**(5) इस शनिवार से पहले कितने शनिवार आ चुके हैं?**

**इस तरह कई अन्य सवाल तैयार हो सकते हैं।**

A-W-12-D-4, W-15-D-3

**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**



# मनपसंद संख्या बनाइए

बच्चों को दो समूहों में बैठाइए। बीच में 1-20 के नम्बर कार्ड रखिए। अब 1-20 तक की कोई एक संख्या बोलिए, जैसे - 9 (संख्या को बोर्ड पर भी लिख सकते हैं।) बच्चों से पूछिए, 9 कौन-कौन कार्ड से मिलकर बन सकता है? बच्चे बीच में रखे कार्ड उठाएँ जिनको मिलाकर 9 संख्या बन सकती है, जैसे - 8+1, 7+2, 5+3+1, 3+2+4, आदि। बच्चे इन कार्ड से घटाव करके भी संख्या 9 बना सकते हैं, जैसे - 9-0, 10-1, 12-2-1, 16-4-3 आदि।



A-W-8-D-1

नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day


# नापो इंच टेप से


- बच्चों के समूह को कुछ मापन सम्बंधित कार्य दें।
- समूह में हर बच्चे की पेंसिल की लम्बाई मापना और सारणी बनाना।
- समूह में बच्चों की लम्बाई मापना और सारणी बनाना।
- अलग - अलग प्रकार की पत्तियाँ इक्ठ्ठी करना और उनकी लम्बाई मापकर सारणी बनाना।
- कक्षा की वस्तुओं की लम्बाई मापना और सारणी बनाना।
- गृह कार्य में घर की वस्तुओं की लम्बाई मापकर सारणी बना कर लाना।

A-W-11-D-5

## कट्टम-कट्टा

यह खेल बच्चे चौकड़ी (X) और शून्य (0) से खेलते हैं। लेकिन इसे अंकों से भी खेला जा सकता है। दो अंक जैसे 4 और 8 लें और खेलें। चित्र में दिखाए गए चौरस की तरह आप भी एक चौरस बनाकर खेलना शुरू कर दें।




B-W-12-D-1

**नोट : B = Basic, A = Advance, W = Week, D = Day**

## हवा पर लिखो !

क्या हवा पर अंक या संख्या लिखे जा सकते हैं? क्यों नहीं, अगर आप अपनी अँगुली से लिखें ! शर्त यह है कि धीरे-धीरे लिखना होगा। बच्चे बूझें कि क्या लिखा जा रहा है। फिर उस अंक या संख्या को बोलें। उसके बाद उस संख्या या अंक को बच्चे अपनी कॉपी पर लिखें—अँगुली से नहीं, पैंसिल से !



A-W-14-D-4